फर्द अहकाम
कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द, जिला राजसमन्द

श्री भगवान प्रकश वाल्मिकी निवासी महर्षी नवल कोलोनी,राजसमन्दं
जिला राजसमन्द

– अपीलांट

बनाम

1. लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, राजसभन्द

– रेस्पोण्डेंट

किस्म मुकदमा– अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या** 20/2019

कमांक	कार्यवाहिक विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 25.07.2019 पत्रावली प्रस्तुत हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अन्तर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, राजसमन्द से प्राप्त नही होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, राजसमन्द को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय में भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, राजसमन्द द्वारा जरिये क्रमांकः विविध/2019/147 दिनांक 19.07.2019 से प्राप्त रिपोर्टानुसार अपीलार्थी द्वारा सूचना अधिकार अधिनियम,05 प्रार्थना पत्र के बिन्दु सं0 01 के संबंध में चाही गई सूचना प्रार्थी को दिनांक 03.05.2019 को उपलब्ध करा दी गई हैं। बिन्दु सं0 02 के संबंध में चाही जाने वाली सूचना के संबंध में प्रार्थी को इस कार्यालय के पूर्व पत्रांक 21 दिनांक 22.03.2019 से सही क्रमांक व दिनांक अंकित करने हेतु लिखा जा चुका हैं किन्तु प्रार्थी आदिनांक तक इस कार्यालय में पुनः उपस्थित नही हुआ हैं। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार राजसमन्द की रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार राजसमन्द की रिपोर्टानुसार अपीलार्थी को बिन्दु संख्या 01की सूचना उपलब्ध करा दी गई है तथा बिन्दु संख्या 02 के संबंध में वांछित पूर्ति करने हेतु समयावधि में सूचित किया जा चुका है। सूचना उपलब्ध कराया जाना शेष नहीं होने से उक्त अपील इसी स्टेज पर निर्णित की जाती है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार राजसमंद को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नं0 से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** लोक सूचना अपीलीय अधिकारी (जिला कलक्टर)राजसमन्द	

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)